दिन– सोमवार | दिनांक– 18 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार में जारी एसआईआर की मसौदा सूची से बाहर किये गए पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं की सूची जारी की।

02. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा – एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाना है।

03. महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप–राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार होंगे। जदयू, लोजपा–रामविलास और हम ने दिया समर्थन।

04. और, गंगा समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी से प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में हो रहा है धीरे–धीरे सुधार।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर की मसौदा सूची से बाहर किये गए पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं की सूची जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद यह सूची जारी की गयी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से.........

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग ने जो सूची प्रकाशित की उसमें वैसे मतदाता जिनके नाम जुलाई दो हजार पच्चीस तक बिहार की मतदाता सूची में शामिल थे, लेकिन मसौदा सूची में हटा दिए गए थे उनका पूरा ब्यौरा दिया गया है। यह पूरी सूची बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सीईओ की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, वामदलों और अन्य कई विपक्षी दलों ने इस सूची को दावा और आपत्तियां दाखिल करने के लिए लिए सार्वजनिक करने की पुरजोर मांग भी की थी। इस वर्ष एक अगस्त को बिहार के लिए प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में  लगभग बाईस लाख नाम मतदाताओं की मृत्यु के कारण हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जो पलायन कर गए हैं या किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में चले गए हैं, उनके नाम अब वेबसाइट पर क्रम संख्या, ईपीआईसी नंबर, नाम, आयु, लिंग और अन्य विवरण के साथ खोजे जा सकते हैं। मतदाता सूची के प्रारुप के संबंध में एक सितंबर तक दावा आपत्ति दायर किये जा सकते हैं। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची में सुधार के लिए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर की शुरूआत की गई है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है।

———बाइट———

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा बिहार में प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद दावा आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में एसआईआर के अंतर्गत दावा आपत्ति के लिए अभी पन्द्रह दिन का समय और बचा है, इसलिए सभी दलों को पूर्वाग्रह छोड़कर योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आगे आना चाहिए।

———बाइट———

---

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप–राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए के उम्मीदवार होंगे। भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने इस फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सहमति से उपराष्ट्रपति चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों के साथ समन्वय का प्रयास करेगी।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी बैठक में उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति चुनाव नौ सितम्बर को होगा। श्री जगदीप धनखड के इस्तीफे के बाद यह चुनाव कराया जा रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार मनोनीत करने के एनडीए के फैसले का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि श्री राधाकृष्णन एक सशक्त और प्रेरक उपराष्ट्रपति साबित होंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी श्री राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार मनोनीत किये जाने पर बधाई दी है। इधर, जनता दल युनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सी.पी. राधाकृष्णन के नाम का समर्थन किया है।

---

प्रदेश की नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर से लेकर भागलपुर तक कमी दर्ज की गयी है। हालांकि पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी का जलस्तर अभी भी लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। भागलपुर और कहलगांव में भी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में लाल निशान के ऊपर बनी हुई है। वहीं, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट, बूढ़ी गंडक खगड़िया और कोसी नदी बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। सुपौल के बसुआ में कोसी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज में बागमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यहां नदी चेतावनी स्तर के ऊपर बह रही है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से पानी धीरे–धीरे कम हो रहा है। लोग अपने–अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। पानी निकलने के बाद बाढ़ प्रभावित इलाकों में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए क्लोरीन और चूने का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य की भी जांच की जा रही है।

---

मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर–पश्चिम और पूर्वी भाग में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल पर गए विशेष सर्वेक्षण अमीनों का लॉगिन अकाउंट तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है। इस संबंध में विभाग ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को आदेश जारी किया है। इन अमीनों को सभी प्रकार की सरकारी जिम्मेदारी से वंचित करने के साथ ही कार्यालयों में प्रवेश पर भी रोक लगा दी गयी है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हड़ताल पर चल रहे विशेष सर्वेक्षण अमीनों को हटाकर फिर से बहाली की प्रक्रिया शुरू करने पर भी विचार किया जा रहा है।

---

बिहार कर्मचारी चयन आयोग की चतुर्थ स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। इसके तहत कुल एक हजार चार

सौ इक्यासी पदों पर नियुक्ति की जाएगी। अभ्यर्थी सत्रह सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

---

हिन्दी और भोजपुरी साहित्य के जाने–माने हस्ताक्षर आचार्य निशांत केतु का नब्बे वर्ष की आयु में पटना में निधन हो गया। वे पटना कॉलेज में हिन्दी के विभागाध्यक्ष रह चुके थे। निशांत केतु के निधन पर शिक्षा और साहित्य जगत के लोगों ने गहरी संवेदना जताई है।

---

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान गोलम्बर के पास कुख्यात अपराधी विजय सहनी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसके पास से दो पिस्तौल समेत कई हथियार बरामद किये गये हैं।

---

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को हथियारों और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के लोहिया नगर थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने चार हजार कारतूस के साथ एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक लाख रुपये भी बरामद किये गए।

---

अररिया जिले के घूरना थाना क्षेत्र के भारत–नेपाल सीमा के पतराहा के पास से पुलिस ने दो चार पहिया वाहनों से लगभग पचहत्तर किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर में करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी।

---

औरंगाबाद जिले के कासमा थाना क्षेत्र की दुगुल पंचायत के खेखी गांव में मां और उसकी दो पुत्रियों की एक तालाब में डूबने से मौत हो गई।

---

सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के कोईली धूम नगर गांव के सरेह में अपराधियों ने दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी। इधर, जिले के बरियापुर गांव के पास सड़क हादसे में मां–बेटी की मौत हो गयी।

———————————————————————

पटना के पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव स्थित छोटी सोन नहर पुल के पास एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में मां–बेटी की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

———————————————————————

मधुबनी जिले के पंडौल थाना क्षेत्र के शाहपुर में बंदरों के हमले में एक बुर्जुग की मौत हो गयी।

———————————————————————

कटिहार स्थित वृहद आश्रयगृह से फरार हुए सभी पांच बच्चों को पुलिस ने पूर्णिया जिले के डगरूआ से बरामद कर लिया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बयान और राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के हवाले से लिखा है – वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप निराधार। बिहार में हटाये गए पैंसठ लाख वोटरों के नाम जिलों की वेबसाईट पर जारी। **दैनिक जागरण** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – बिहार में नहीं होने देंगे वोट चोरी। **दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है – महाराष्ट्र के गर्वनर सी.पी. राधाकृष्णन एनडीए से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार। **प्रभात खबर** लिखता है –आज लोकसभा में पेश होगा जनविश्वास संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस। **राष्ट्रीय सहरा** के शब्द हैं – स्वदेश लौटने पर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का भव्य स्वागत। **आज अखबार** की सुर्खी है – मोकामा में छह लेन पुल का प्रधानमंत्री बाईस अगस्त को करेंगे उद्घाटन।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार में जारी एसआईआर की मसौदा सूची से बाहर किये गए पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं की सूची जारी की।

02. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा – एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाना है।

03. महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप–राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार होंगे। जदयू, लोजपा–रामविलास और हम ने दिया समर्थन।

04. और, गंगा समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी से प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में हो रहा है धीरे–धीरे सुधार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।